**News Release**

City of Mississauga
300 City Centre Drive
Mississauga, ON L5B 3C1

MISSISSAUGA

mississauga.ca    facebook.com/citymississauga    x.com/citymississauga

# Mississauga में पटाखों के उपयोग के बारे में आपको जो कुछ जानने की आवश्यकता है

आग और चोट के जोखिम को कम करते हुए अपने उत्सवों का आनंद लें। जानें कि Mississauga में आप पटाखे कब और कहां चला सकते हैं, किन प्रकारों की अनुमति है और नियम क्या हैं। सिटी के फायरवर्क्स बाइ-लॉ का पालन करके, आप सभी के लिए सुरक्षित और आनंददायक उत्सव सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

6 फरवरी, 2026

बहुत से लोगों के लिए, पटाखे उत्सवों और विशेष अवसरों का एक मुख्य हिस्सा होते हैं। चाहे वह छुट्टी हो, उत्सव या आयोजन हो, या धार्मिक या सांस्कृतिक कारणों से हो, चमकती लाइटें, सुंदर रंग और आवाज़ें, यादों को ताज़ा करने वाली हो सकती हैं।

Mississauga में, पटाखों के उपयोग  को, समुदाय में सभी की सुरक्षा और खुशी सुनिश्चित करने के लिए, नियमों, दिशानिर्देशों और शहर के फायरवर्क्स बाइ-लॉ (rules, guidelines and the City's Fireworks by-la w) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। सभी निवासियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सिटी के फायरवर्क्स बाइ-लॉ से परिचित हों, और यह समझें कि पटाखे क्या हैं, किन पटाखों पर प्रतिबंध है, उनका उपयोग कैसे और कब किया जा सकता है, और उनके उपयोग से संबंधित किस प्रकार की सुरक्षा जरूरी है।

हमेशा सुरक्षा को प्राथमिकता दें – अपने लिए और अपने आसपास के लोगों के लिए।

## पटाखे क्या हैं?

पटाखे सुंदर दिखने और मनोरंजन के उद्देश्य से बनाए गए पायरोटेक्निक-विस्फोटक डिवाइस होते हैं। इन्हें जलने, विस्फोट या दोनों के मेल के माध्यम से दिखने और आवाज प्रभाव पैदा करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है। ये कई प्रकार के आकारों, साइजों और प्रभावों में आते हैं, जिनमें अक्सर चमकीले रंग और बारीक डिज़ाइन होते हैं।

नेशनल रिसोर्सेज कनाडा (National Resources Canada) के अनुसार, पटाखों को दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है:

- **उपभोक्ता पटाखे**: ये बाहर मनोरंजन के लिए बनाए जाते हैं और आम जनता द्वारा उपयोग किए जा सकते हैं। उदाहरणों में अनार, चकरियां या वॉलकैनो शामिल हैं। हालांकि, इनके साथ कुछ नियम जुड़े होते हैं, जिनका पालन करना जरूरी है।
- **नई किस्म की डिवाइसें**: ये प्रकार के आधार पर अधिकतर बाहर उपयोग की जाती हैं। ये डिवाइसें, जैसे कि फुलझड़ियाँ, सीमित दृश्य या आवाज प्रभाव पैदा करती हैं और इनमें बहुत कम मात्रा में पायरोटेक्निक मिश्रण होता है।

## सिटी पटाखों की अनुमति क्यों देती है?

पटाखे लोगों को उत्सव मनाने का एक माध्यम प्रदान करते हैं। ये सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने, धार्मिक परंपराओं को निभाने और साझा अनुभवों के माध्यम से समुदायों को जोड़ने में भूमिका निभाते हैं। Mississauga के कई निवासियों के लिए, पटाखे केवल मनोरंजन से कहीं अधिक हैं और ये विशेष अर्थ रखने वाले प्रतीक हो सकते हैं। इनका उपयोग खुशी के क्षणों या ऐतिहासिक अवसरों को दर्शाने के लिए किया जा सकता है। पटाखे लोगों को अपनी विरासत और आध्यात्मिक विश्वासों से जोड़ने में मदद करते हैं तथा श्रद्धा, एकता और गर्व की भावना के साथ उत्सव मनाने में सहायक होते हैं।

सिटी के फायरवर्क्स बाइ-लॉ द्वारा निर्धारित सीमाओं के अंदर पटाखों की अनुमति देना, लोगों की सुरक्षा और सामुदायिक भलाई को प्राथमिकता देते हुए, Mississauga की सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करता है। ये नियम सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करते हैं, साथ ही पालतू जानवरों, जंगली जीवों और पर्यावरण पर पटाखों के नकारात्मक प्रभावों को कम करते हैं। साथ मिलकर, यह दृष्टिकोण एक अधिक समावेशी और जीवंत सिटी का समर्थन करता है, जिसे Mississauga को अपना घर कहने वाले लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

City of Mississauga
300 City Centre Drive
Mississauga, ON L5B 3C1

# News Release

mississauga.ca facebook.com/citymississauga x.com/citymississauga

## Mississauga में पटाखों के नए नियम

15 अक्टूबर, 2025 को, Mississauga सिटी काउंसिल (Mississauga City Council) ने फायरवर्क्स बाइ-लॉ (Fireworks By-law) में अतिरिक्त प्रतिबंध जोड़ने के लिए संशोधन के पक्ष में वोट दिया, जिनमें शामिल हैं:

- पटाखों के उपयोग के घंटों को कम करना (लूनार न्यू यीअर (Lunar New Year), विक्टोरिया डे (Victoria Day), कैनेडा डे (Canada Day) और दीवाली (Diwali) पर शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक; नए साल (New Year's Eve) को रात 11 बजे से सुबह 1 बजे तक)।
- रोमन कैंडिल पटाखों की बिक्री, उपयोग, अपने पास रखने और किसी को देने पर प्रतिबंध।
- छुट्टी वाले दिन को छोड़कर, छुट्टी से 10 दिन पहले तक पटाखों की बिक्री को सीमित करना।
- पटाखों के विक्रेताओं के लिए यह जरूरी करना कि वे सिटी को अपने पटाखों के स्टॉक और बिक्री का रिकॉर्ड उपलब्ध कराएं।
- केवल डिस्पले या पेशेवर पटाखों के लिए परमिट (permits for display or professional fireworks) जारी करना (उपभोक्ता पटाखों के लिए कोई परमिट जारी नहीं किए जाएंगे)।

इन बदलावों को 10 दिसंबर, 2025 को काउंसिल द्वारा मंजूरी दी गई थी, और ये 2 जनवरी, 2026 से लागू हैं।

## Mississauga में पटाखों का सुरक्षित उपयोग

यह समझना कि पटाखों का सुरक्षित तरीके से उपयोग कैसे करना है, चोट, आग लगने या संपत्ति को होने वाले नुकसान को रोकने में मदद कर सकता है। छुट्टियों की योजना बनाते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। सभी को सुरक्षित रखने के लिए, पटाखों का उपयोग करने से पहले अपने परिवार और दोस्तों से बात करें।

- उपभोक्ता पटाखे खरीदने, स्टोर करने और उपयोग करने के लिए आपकी उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी जरूरी है।
- केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही खरीदें।
- सुनिश्चित करें कि पटाखे सुरक्षित तरीके से और बच्चों की पहुंच से दूर रखे गए हैं।
- प्रत्येक आइटम पर दी गई सभी निर्देशों, सावधानियों और चेतावनियों को ध्यान से पढ़ें और समझें।

- अपनी निजी प्रॉपर्टी पर बाहर एक साफ़ और खुली जगह तय करें।
- पास में पानी की बाल्टी या पाइप रखें।
- पटाखों को लोगों, घरों, पेड़ों और ज्वलनशील सामग्री से दूर जलाएं।
- हमेशा बच्चों पर नजर रखें और सुनिश्चित करें कि देखने वाले सुरक्षित दूरी पर हों।
- उपयोग किए गए या बिना उपयोग किए गए पटाखों का सुरक्षित निपटान करें। पटाखों को पूरी तरह पानी में डुबोकर रात भर भिगो दें। भीगे हुए पटाखों को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर कूड़े में फेंक दें।

जहां आपने पटाखे जलाए थे, वहां सफाई करना याद रखें। किसी को भी गंदगी पसंद नहीं होती।

## पटाखों के विकल्प

पटाखों के विकल्प के रूप में फुलझड़ियां, रोशनी वाली स्टिकें (glow sticks), रोशनी वाली छड़ियाँ (glow wands) या एल.ई.डी. (LED) लाइटों के उपयोग पर विचार करें, ताकि पटाखों के उपयोग से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

पटाखों के कई पर्यावरणीय प्रभाव होते हैं, जिनमें वायु प्रदूषण, शोर से होने वाली परेशानियां, जंगली जीवों को नुकसान, कचरा उत्पन्न होना और आग लगने का बढ़ा हुआ जोखिम शामिल है। ये बारीक कण छोड़ते हैं, जो थोड़े समय के लिए वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं और सांस संबंधी समस्याओं को और गंभीर कर सकते हैं। तेज धमाकों से शोर प्रदूषण होता है, जो निवासियों, जंगली जीवों और पालतू जानवरों को परेशान करता है और अकसर तनाव या घबराहट का कारण बनता है। पटाखे मलबा भी छोड़ते हैं, जिससे कचरा बढ़ता है, और इनका असुरक्षित उपयोग आग के खतरे को बढ़ा सकता है, जिससे प्रॉपर्टी और लोकल ईकोसिस्टम को जोखिम होता है।

## शोर का लेवल और पालतू जानवर

पटाखे बहुत तेज़ आवाज़ पैदा कर सकते हैं। तेज़ शोर पालतू जानवरों के लिए तनावपूर्ण और कुछ निवासियों के लिए परेशान करने वाला हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए, पालतू जानवरों के मालिक पहले से कदम उठा सकते हैं, जैसे, जब पटाखे  बहुत ज्यादा चल रहे हों, तब जानवरों को घर के अंदर रखना, एक शांत और

आरामदायक स्थान तैयार  करना, और पालतू जानवरों को शांत रखने के लिए शांत करने वाली तकनीकों या संगीत का उपयोग करना।

शोर के प्रति संवेदनशील निवासी, जिन्हें तेज़ और अचानक आने वाली आवाज़ें तनावपूर्ण लगती हैं, वे ईयरप्लग, साउंड मशीनों का उपयोग कर सकते हैं, या उन क्षेत्रों से दूर शांत समय बिताने की योजना बना सकते हैं, जहां पटाखे बहुत  ज्यादा चल रहे हों।

## गैरकानूनी पटाखों के उपयोग की रिपोर्ट करें

यदि आपके पड़ोस या समुदाय में कोई पटाखों का दुरुपयोग कर रहा है, तो कृपया 311 पर कॉल करें। पटाखों से संबंधित शिकायतों के लिए 911 पर कॉल न करें, जब तक कि कोई आपात स्थिति न हो, जैसे आग, चोट या मृत्यु।

निवासी सिटी की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज (file a complaint online) कर सकते हैं और दिन या रात किसी भी समय पटाखों के दुरुपयोग की रिपोर्ट कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद, यदि आवश्यक हुआ, तो सिटी का एन्फोर्समेंट स्टाफ कार्रवाई करेगा।

## और जानें

- Mississauga में पटाखों के उपयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए, mississauga.ca/fireworks पर जाएं।
- आग से सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी के लिए, mississauga.ca/fire पर जाएं।